भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 464
गुरूवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

'देखो अपना देश' पहल की वर्तमान स्थिति

464 श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'देखो अपना देश' पहल की वर्तमान स्थिति और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश भर में इस पहल के तहत कुल कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) हरियाणा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या विशिष्ट उपाय किए जा रहे हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या हरियाणा में 'महाभारत सर्किट' स्थापित करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय ने देश में घरेलू पर्यटन के संवर्धन हेतु जनवरी 2020 में देखो अपना देश पहल की शुरूआत की थी। इस पहल के तहत मंत्रालय वेबिनार, क्विज़, शपथ तथा सोशल मीडिया प्रचार जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है। देखो अपना देश के लिए अलग से कोई निधि आवंटित नहीं की गई है।

(ग) से (घ): मंत्रालय घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में हरियाणा सहित देश के पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों का संवर्धन करता है। यह संवर्धन कार्य आयोजनों तथा सोशल मीडिया सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से किया जाता है।

मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच), स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थान जीर्णोद्धार तथा आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) और पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता नामक योजनाओं के तहत

पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास और संवर्धन हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है।

हरियाणा राज्य में उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और आवंटित धनराशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना की कृष्ण परिपथ थीम के अंतर्गत 76.74 करोड़ रु. की लागत से कुरूक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थलों का विकास किया है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने जनवरी, 2024 में कुरूक्षेत्र में महाभारत परिपथ पर फोकस करते हुए एक सम्मेलन का आयोजन भी किया था।

*****

अनुबंध

श्री कार्तिकेय शर्मा द्वारा 'देखो अपना देश' पहल की वर्तमान स्थिति के संबंध में दिनांक 25.07.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 464 के भाग (ग) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

हरियाणा राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः

(लाख रु. में)

योजना	**वर्ष**	**परियोजना**	**स्वीकृत राशि**
स्वदेश दर्शन	2016-17	कृष्ण परिपथ के तहत कुरूक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास	7739
प्रशाद	2019-20	माता मनसा देवी मंदिर एवं नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास	4853
पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता	2017-18	यादवेंद्र गार्डेन, पिंजौर, हरियाणा में साउंड एंड लाइट शो।	600
आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच)	2016-17	31वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला	30
	2017-18	32वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला	30
		पिंजौर महोत्सव	25
	2018-19	सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला	30
	2019-20	मैंगो मेला	25
		विरासत महोत्सव	25
		सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला	30
	2021-22	सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला	30
	2022-23	सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला	30

*****